# 50 हजार का गृह प्रवेश, 30 हजार का भूमिपूजन

## मुख्यमंत्री चौहान ने 50 हजार हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश : 26, 500 के खाते में 250 करोड़ किए अंतरित





भोपाल ● 23 फरवरी ( ब्यूरो ) मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 50 हजार हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गृह प्रवेश कराने के साथ 30 हजार नए स्वीकृत आवासों का भूमिपूजन भी किया।

इस दौरान 26 हजार 500 हितग्राहियों के खाते में आवास निर्माण के लिए ढाई सौ करोड़ रुपए की किस्त जमा कराई गई। मुख्यमंत्री ने आवास योजना के हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद भी किया। उन्होंने कहा मध्यप्रदेश में अब तक 8 लाख 68 हजार आवास स्वीकृत किए गए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज एक लाख छह हजार लोगों का सपना पूरा हो रहा है। इसके लिए चार हजार करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च होगी। आत्मनिर्भर मप्र तब बनेगा जब शहरी लोग खुशी से रहे। पहले शहरों में आवास के पट्टे दिए। अब मकान दे रहे हैं। कुछ लोग सवाल उठाते हैं।

### जावरा के हितग्राही से बोले

- *हितग्राही हरजाना खां से पूछा आपका मकान अच्छे से बन गया, कोई दिक्कत तो नहीं आई।*
- *किस्त की राशि के लिए किसी ने रिश्वत तो नहीं मांगी।*
- *बच्चों को खुब पढ़ाओं, कोई समस्या आए तो उनका मामा बैठा है।*
- *क्या श्रमिक कार्ड बन गया है तो हरजाना ने कहां हां, बीपीएल कूपन भी बन गया।*



## प्रतापनगर ओवरब्रिज के नीचे से हटाया अतिक्रमण

रतलाम ● प्रताप नगर ओवरब्रिज के नीचे व सड़क के दोनो ओर स्थायी अतिक्रमण हटाकर गुमटियां व अन्य सामग्री जब्त की। ब्रिज के नीचे व सड़क के साइड में अतिक्रमण होने से आवागमन में परेशानी होने के साथ ही अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा गंदगी भी की जा रही थी। उक्त कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण दस्ता प्रभारी राजेन्द्र मिश्रा, उपयंत्री ब्रजेश कुशवाह, दीक्षा निजामपुरकर सहित अतिक्रमण दल उपस्थित था। 24-2-22

**शिवराज बोले:** रोजगार युक्त, विकसित और स्वच्छ हों हमारे शहर

# 50 हजार लोगों ने किया गृहप्रवेश, भोपाल व इंदौर का जन्मदिवस तय



हितग्राही को पीएम आवास की चाबी सौंपते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान।

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

| 1155 करोड़ | 26500 | 05 हितग्राहियों |
|---|---|---|
| लागत के नए 30 हजार आवासों का भी भूमिपूजन | हितग्राहियों को 259 करोड़ भी सिंगल क्लिक से ट्रांसफर | को भोपाल में आवास आवंटन व आधिपत्य कार्यक्रम में दिया गया |

**भोपाल.** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारे शहर रोजगारयुक्त, विकसित और स्वच्छ हों। शहर केवल सीमेंट-कांक्रीट के न हों, बल्कि इंसानियत से भरपूर हों। प्रदेश में हर व्यक्ति को भू-अधिकार कानून लागू किया है। इसलिए जिन्हें अब तक आवास नहीं मिला है, उन्हें भी आवास उपलब्ध कराया जाएगा। यह बात सीएम ने बुधवार को मिंटो हॉल में 50 हजार पीएम आवास के गृहप्रवेश कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि भोपाल का जन्मदिवस विलीनीकरण दिवस 1 जून को और इंदौर का जन्मदिवस मां अहिल्या के जन्मदिवस पर मनाया जाएगा। हर शहर और गांव अपना जन्मदिन मनाएं।

सीएम शिवराज ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने शहरों के विकास के पांच प्रमुख मंत्र दिए हैं। पहला हर नगर, राज्य के विकास का चेहरा बने। दूसरा शहरों में जीवन जीना सभी के लिए आसान हो। तीसरा हर नगरवासी को जीवन की गुणवत्ता मिले। चौथा शहरों के आकार भले ही बढ़ जाएं, लेकिन असमानताएं कम हों। पांचवां सभी को सम्मान से जीवन-यापन का अवसर उपलब्ध हो। इन पांचों मंत्रों पर ही प्रदेश सरकार काम कर रही है। हर व्यक्ति के लिए रोटी, कपड़ा, मकान, पढ़ाई-दवाई और रोजगार के इंतजाम किए जा रहे हैं।

## अहिंसा ग्राम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की शुरुआत

**रतलाम.** शहर के अहिंसा ग्राम क्षेत्र में नगर निगम ने स्ट्रीट लाइट की शुरुआत कर दी है। इस क्षेत्र में लंबे समय से अंधेरा था व आने - जाने वाले रहवासियों सहित वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। शहर विधायक चेतन्य काश्यप सहित अन्य की उपस्थिति में आयोजन के दौरान इसकी शुरुआत की गई। लंबे समय से यहां पर पोल लगाने का कार्य हुआ था, लेकिन एलइडी नहीं लग पाए थे। अब पोल पर एलइडी लगाकर इनकी शुरुआत कर दी गई।

# 50 हजार लोगों के घर का सपना पूरा

## सीएम शिवराज ने हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश, एक लाख लोग होंगे लाभान्वित



भोपाल » दबंग रिपोर्टर 7-4-2-22

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 50 हजार हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गृह प्रवेश कराने के साथ 30 हजार नए स्वीकृत आवासों का भूमिपूजन भी किया। इस दौरान 26 हजार 500 हितग्राहियों के खाते में आवास निर्माण के लिए ढाई सौ करोड़ रुपए की किस्त जमा कराई गई। मुख्यमंत्री ने आवास योजना के हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि एक लाख छह हजार लोगों का सपना पूरा हो रहा है। इसके लिए चार हजार करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च होगी। आत्मनिर्भर मप्र तब बनेगा जब शहरी लोग खुशी से रहे। पहले शहरों में आवास के पट्टे दिए। अब मकान दे रहे हैं। कुछ लोग सवाल उठाते हैं। सरकार ने तय किया गरीब को पूरा हक देंगे। अधिकार देंगे। गरीब के राशन पर डाका डाला तो किसी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे। सीधे जेल भेजेंगे।

### स्वच्छता में योगदान दें

इस दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश में भूमि का पट्टा देने का अभियान जारी रहेगा। अवैध कालोनी वैध कर दी जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि निकायों के स्वच्छता अभियान में सभी योगदान दें। संकल्प लें हमारा शहर स्वच्छ रहे। उन्होंने इंदौर का उदाहरण देते हुए कहा कि इस महानगर की जनता स्वच्छता अभियान से जुड़ गई है, इसीलिए इंदौर स्वच्छता के मामले में लगातार सिरमौर बना हुआ है। धर्मगुरु, गणमान्य नागरिक सहित सभी वर्गों से अपील की कि इस दिशा में काम करेंगे

### कोई बच्चा नहीं मांगेगा भीख

सीएम शिवराज ने कहा कि साल में एक दिन ग्राम, शहर, कस्बे का जन्म दिवस मनाओ। भोपाल में एक जून को जन्म दिवस मनाया। जिद, जुनून और जज्बे के बगैर कोई शहर, गांव आगे नहीं बढ़ सकता है। नागरिकों को यह जिम्मेदारी निभाना पड़ेगी। शहर ठान ले कोई भूखा नहीं रहे, तो कैसे हो सकता है। शहरों में कोई बच्चा भीख नहीं मांगेगा।

## सीएम बोले- मप्र में हर गरीब को पक्का मकान देंगे

# शहरी लोगों का जीवन सरल बनाना हमारा उद्देश्य

पीपुल्स समाचार


पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल

मो.नं. 9425078939


24-2-22




भोपाल। गृहप्रवेश कार्यक्रम में सीएम ने 250 करोड़ की राशि ट्रांसफर की।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 'हमारा यह प्रयास है कि प्रदेश के शहर अपने आप में संपूर्ण हों। शहर में कोई बच्चा भूखा नहीं रहे, कोई बच्चा अनाथ नहीं घूमे। शहर में हम पेड़ लगाएं और शहरों का जन्म दिवस या गौरव दिवस मनाएं। प्रयास हो कि हमारे शहर केवल सीमेंट कंक्रीट के नगर न हों, अपितु उनमें स्नेह, प्रेम और आत्मीयता की भावनाएं निवास करें। उन्होंने कहा कि शहरों में रहने वालों का जीवन आसान बनाना सरकार का प्रमुख उद्देश्य है। प्रत्येक गरीब को पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा।'

मुख्यमंत्री ने यह बात बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में पीएम आवास योजना के हितग्राहियों का गृह प्रवेश और भूमि पूजन कार्यक्रम में कही। सीएम ने इस मौके पर 50 हजार आवासों में हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया। 1155 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 30 हजार नए आवासों का भूमि पूजन तथा 26,500 हितग्राहियों के खातों में 250 करोड़ रुपए की राशि एक क्लिक से ट्रांसफर की। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ समाज की शक्ति मिले और हम साथ मिलकर शहरों को बदल दें, यही हमारा संकल्प है।

### गरीब भाई-बहनों का सपना हो रहा साकार

सीएम ने कहा कि जिन गरीब भाई-बहनों का मकान बनने का सपना आज साकार हो रहा है, उनके लिए यह दिन अद्भुत है। हर व्यक्ति की यह इच्छा होती है कि उसका अपना मकान हो। आज 1 लाख 6 हजार से अधिक भाई-बहनों का यह सपना साकार हो रहा है।

# कचरे से पटे रिक्त भूखण्ड स्वामियों से जुर्माना वसूली होगी

## खुले में पेशाब करने वालों पर दण्डात्मक कार्यवाही होगी

रतलाम। नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे रिक्त भूखण्ड जो कि कचरे से पटे होकर अस्थाई कचरा स्थल बने हुए हैं ऐसे भूखण्ड स्वामियों को 10-10 हजार की राशि जुर्माने के तौर पर भरने का नोटिस जारी करने के निर्देश निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्य में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे रिक्त भूखण्ड जो कि कचरे से पटे होकर अस्थाई कचरा स्थल बने हुए हैं ऐसे भूखण्ड स्वामियों को 10-10 हजार की राशि जुर्माने के तौर पर भरने का नोटिस 22 फरवरी से जारी कर जुर्माना राशि नगर निगम के संपत्तिकर, जलकर व स्वास्थ्य विभाग की लायसेंस शाखा में जमा करवाये जायें। 24-2-22

बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार 100 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूर्णतः प्रतिबंधित किये जाने हेतु निर्माणकर्ता, विक्रयकर्ता का प्रथम दिवस जुर्माने की कार्यवाही कर निर्माण व विक्रय प्रतिबंध किये जाने हेतु निर्देशित किया जाये इसके बाद निर्माण एवं विक्रय करता पाये जाने पर फेक्ट्री व दुकान सील करने की कार्यवाही की जाये।

खुले में पेशाब व शौच करने वालों पर प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने सभी झोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने झोन में सतत निगरानी रखी जाकर खुले में पेशाब व शौच करने वालों पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाये।

उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य, सहायकयंत्री श्याम सोनी, एम.के. जैन, अनवर कुरैशी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, निज सहायक सुभाष गोयल, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर सहित झोन प्रभारी एवं नियुक्त पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

# मथूरी रोड पर नई फल-सब्जी की योजना

23-2-22

रतलाम, नप्र। आगामी 50 सालों के बदलाव को ध्यान में रखते हुए उत्पादन तथा आबादी वृद्धि के देखते हुए शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने लहसुन, प्याज, फल एवं सब्जी मंडी समीपवर्ती ग्राम मथुरी रोड पर की स्थापित करने के लिए पहल की जा रही है।

इस संबंध में विधायक काश्यप ने मंगलवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से कलेक्टेट कक्ष में चर्चा की गई। मंडी स्थापना के लिए कार्य योजना पर विधायक तथा कलेक्टर से विचार किया गया। विधायक काश्यप ने कहा कि शहर में आबादी वृद्धि तथा बढ़ते यातायात को ध्यान में रखते हुए जरूरी है कि रतलाम शहर से बाहर लहसुन, प्याज, फल और सब्जी की मंडी बनाई जाए ताकि वाहनों और कृषकों को आने-जाने में सहूलियत हो वहीं रतलाम शहर की यातायात भी सुगम हो। काश्यप ने कहा कि नई फल सब्जी मंडी से कार्य सुविधा मिलेगी और अन्य लाभ भी होंगे। प्रसारण [illegible]

# अतिक्रमण हटाया गया

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर जिले में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के तहत सोमवार को रतलाम शहर की आनंद कॉलोनी से लगी कालिका माता मंदिर की भूमि पर से अतिक्रमण हटाया गया। शासकीय अमला प्रातः स्थल पर पहुंचा और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। भूमि का मूल्य लगभग डेढ़ से 2 करोड़ रुपए है।

उपग्रह 24-2-22

# पीएम आवास योजना में हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया

भास्कर संवाददाता | रतलाम



कार्यक्रम में प्रमाण-पत्र का वितरण करते हुए विधायक।

सीएम शिवराजसिंह चौहान ने पीएम आवास योजना के शहरी पात्र हितग्राहियों के अकाउंट में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि डाली। शहर में गुलाब चक्कर में कार्यक्रम विधायक चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कार्य की प्रगति के आधार पर 112 हितग्राहियों को प्रथम, 20 हितग्राहियों द्वितीय, 29 हितग्राहियों को तृतीय किस्त, इस तरह 161 हितग्राही लाभान्वित हुए। 208 हितग्राहियों के भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन कराया। 391 हितग्राही जिनके भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है, उन्हें विधिवत गृह प्रवेश कराया। यहां सीएम के कार्यक्रम को देखा और सुना। गुलाब चक्कर में कार्यक्रम में हितग्राहियों को लाभ वितरण के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। चित्रकला प्रतियोगिता में विजेताओं को नकद राशि, शील्ड व प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। झुग्गी झोपड़ी प्रदेश सह संयोजक अनिता कटारिया, मंगल लोढ़ा, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर दिव्या पाटीदार जोशी, आयुक्त सोमनाथ झारिया, उपायुक्त विकास सोलंकी सहित शहरवासी मौजूद थे।

# गाइड लाइन में प्रस्तावित दरें युक्तियुक्त ढंग से तैयार नहीं की गई

## जिला मूल्यांकन समिति की बैठक फिर से होगी

24-2-22

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

कलेक्टर गाइड लाइन वर्ष 2022-23 के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक मंगलवार शाम संपन्न हुई। बैठक में विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पंजीयक अमरीश नायडू, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह, महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

बैठक में जिला पंजीयक द्वारा प्रस्तुत की गई गाइड लाइन में प्रस्तावित दरों की गहन समीक्षा शहर विधायक तथा कलेक्टर द्वारा की गई जिसमें पाया गया कि जिला पंजीयक कार्यालय द्वारा तैयार की गई प्रस्तावित दरें युक्तियुक्त ढंग से नहीं है, आवासीय तथा व्यावसायिक भूमियों के मूल्य वृद्धि संबंधी प्रस्ताव सुसंगत नहीं है। जिला पंजीयक को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र अनुसार प्राथमिकता देते हुए मूल्य वृद्धि दरों को पुनः निर्धारित किया जाए और आगामी बैठक में




प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने कहा कि मास्टर प्लान के अनुसार दरें निर्धारित की जाए। जो भी दरें प्रस्तावित हो, उनका आधार स्पष्ट होना चाहिए। विधायक श्री काश्यप ने कहा कि प्रस्तावित गाइड लाइन में विभिन्न क्षेत्रों के बीच मूल्य दरों में बहुत ज्यादा अंतर है जो युक्तियुक्त ढंग से नहीं है। नगर निगम क्षेत्र और शहर के समीपवर्ती क्षेत्रों के भूमि मूल्यों का पुनः आकलन करते हुए नए सिरे से प्रस्ताव तैयार किए जाएं। अन्य क्षेत्रों में

भी वास्तविकता के आधार पर दरें निर्धारित की जाए।

**मथूरी रोड पर नई फल-सब्जी मंडी स्थापित करने विधायक ने की कलेक्टर से चर्चाः** आगामी 50 वर्षों के परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए उत्पादन तथा आबादी वृद्धि के दृष्टिगत शहर विधायक चैतन्य काश्यप द्वारा लहसुन, प्याज, फल, सब्जी मंडी समीपवर्ती ग्राम मथुरी रोड पर की स्थापित करने के लिए पहल की जा रही है। इस संबंध में विधायक श्री काश्यप द्वारा मंगलवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से कलेक्ट्रेट कक्ष में चर्चा की गई। मंडी स्थापना के लिए कार्य योजना पर विधायक तथा कलेक्टर द्वारा विचार किया गया। विधायक श्री काश्यप ने कहा कि शहर में आबादी वृद्धि तथा बढ़ते यातायात के दृष्टिगत आवश्यक है कि रतलाम शहर से बाहर लहसुन, प्याज, फल, सब्जी की मंडी बनाई जाए जिससे वाहनों और कृषकों को आने-जाने की सहूलियत होगी। कार्य सुविधा मिलेगी, अन्य लाभ भी होंगे।

# गाइड लाइन में प्रस्तावित दरें युक्तियुक्त ढंग से तैयार नहीं की गई, जिला मूल्यांकन समिति की बैठक पुनः आयोजित होगी

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कलेक्टर गाइड लाइन वर्ष 2022-23 के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पंजीयक अमरीश नायडू, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह, महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

बैठक में जिला पंजीयक द्वारा प्रस्तुत की गई गाइड लाइन में प्रस्तावित दरों की गहन समीक्षा विधायक श्री काश्यप तथा कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा की गई जिसमें पाया गया कि जिला पंजीयक कार्यालय द्वारा तैयार की गई प्रस्तावित दरें युक्तियुक्त ढंग से नहीं है, आवासीय तथा व्यावसायिक भूमियों के मूल्य वृद्धि संबंधी प्रस्ताव सुसंगत नहीं है। जिला पंजीयक को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र अनुसार प्राथमिकता देते हुए मूल्य वृद्धि दरों को पुनः निर्धारित किया जाए और आगामी बैठक में प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने कहा कि मास्टर प्लान के अनुसार दरें निर्धारित की जाएं। जो भी दरें प्रस्तावित हो, उनका आधार स्पष्ट होना चाहिए।

विधायक श्री काश्यप ने कहा कि प्रस्तावित गाइड लाइन में विभिन्न क्षेत्रों के बीच मूल्य दरों में बहुत ज्यादा अंतर है जो युक्तियुक्त ढंग से नहीं है।

नगर निगम क्षेत्र और शहर के समीपवर्ती क्षेत्रों के भूमि मूल्यों का पुनः आकलन करते हुए नए सिरे से प्रस्ताव तैयार किए जाएं। अन्य क्षेत्रों में भी वास्तविकता के आधार पर दरें निर्धारित की जाए।



## नई फल-सब्जी मंडी स्थापित करने के लिए कलेक्टर से चर्चा की

आगामी 50 वर्षों के परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए उत्पादन तथा आबादी वृद्धि के दृष्टिगत शहर विधायक चैतन्य काश्यप द्वारा लहसुन, प्याज, फल, सब्जी मंडी समीपवर्ती ग्राम मथुरी रोड पर की स्थापित करने के लिए पहल की जा रही है। इस संबंध में विधायक श्री काश्यप द्वारा मंगलवार को कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम से कलेक्ट्रेट कक्ष में चर्चा की गई। मंडी स्थापना के लिए कार्य योजना पर विधायक तथा कलेक्टर द्वारा विचार किया गया। विधायक काश्यप ने कहा कि शहर में आबादी वृद्धि तथा बढ़ते यातायात के दृष्टिगत आवश्यक है कि रतलाम शहर से बाहर लहसुन, प्याज, फल, सब्जी की मंडी बनाई जाए जिससे वाहनों और कृषकों को आने-जाने की सहूलियत होगी। कार्य सुविधा मिलेगी, अन्य लाभ भी होंगे।

प्रसारण 24-2-22

# 'सीएम हेल्पलाइन 181' की शिकायतों के निराकरण में निगम अव्वल

रतलाम। प्रदेश स्तर पर रतलाम नगर निगम ने 'सीएम हेल्पलाइन 181' पर होने वाली शिकायतों के निराकरण में 'ए' रैंकिंग वाले 14 नगर निगमों में लगातार दूसरी बार पहला स्थान हासिल किया है। यह रैंकिंग 1 से 31 जनवरी के बीच हुई शिकायतों के 20 फरवरी तक हुए निराकरण के आधार पर जारी हुई है। रतलाम नगर निगम ने 93.77 फीसद परिणाम देकर पहला स्थान बनाया।

प्रदेश स्तर पर 14 जिलों को 'ए' रैंक मिली है। बताया जाता है कि जनवरी माह में निगम से संबंधित 716 शिकायतें सीएम हेल्पलाइन में पहुंची थीं। रतलाम नगर निगम पूर्व में भी अव्वल रहा है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निगम अधिकारियों को लगातार इस रैंकिंग को बनाए रखने के लिए सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता से हल करने के निर्देश दिए जाते रहे हैं। उनके द्वारा शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई भी की गई, जिससे एक बार फिर निगम का नाम चमका है।

## कागजों के साथ हकीकत में बने अव्वल

'सीएम हेल्पलाइन 181' की शिकायतों के निराकरण में अव्वल आने वाली नगर निगम की ये उपलब्धि कागजी है। कागजों में निःसंदेह वह हर महीने अच्छा काम कर रही है, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। शहरवासियों की मानें तो नगर निगम द्वारा सीएम हेल्पलाइन 181 पर की जाने वाली शिकायतों को वापिस लेने के लिए दबाव बनाया जाता है। कई शिकायतें जनसमस्या से जुड़ी होती हैं, जिनका निराकरण कभी नहीं होता। केवल निराकरण की पहल कर शिकायतकर्ता पर शिकायत लेने का दबाव डाला जाता है। निगम को कागजी सफलता भले ही मिली हो, लेकिन यदि उसे सच में अव्वल आना है, तो हकीकत में भी समस्याओं का समाधान करना होगा। अन्यथा ऐसी सफलताओं की सूचना को आमजन 'थोथा चना, बाजे घना' वाली बताते नजर आएंगे।

24-2-22

# 29 कंपनियों में 379 युवाओं को मिली नौकरियां

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

रतलाम के सैलाना रोड स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रोजगार मेले में रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा निरीक्षण किया गया। कंपनियों द्वारा चयनित युवाओं को ऑफर लेटर का वितरण विधायक तथा कलेक्टर द्वारा किया गया।

रोजगार मेले में 591 युवाओं का पंजीयन किया गया। 29 कंपनियों द्वारा रोजगार मेले में सहभागिता की गई। 379 युवाओं का रोजगार के लिए कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर चयन किया गया। उनको ऑफर लेटर प्रदान किए गए। इस मौके पर विधायक ने आईटीआई में एक लेथ मशीन ब्रांच में कंप्यूटराइज्ड प्रोग्रामिंग हेतु दक्ष प्रोग्रामिंग ऑपरेटर को नियुक्त करने के लिए निर्देशित किया। छात्र बेहतर ट्रेनिंग प्राप्त कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि लेथ मशीन कंप्यूटर प्रोग्रामिंग हेतु आईटीआई को राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर प्रदीप उपाध्याय, सीईओ जमुना भिड़े, मुकेश जैन, प्रहलाद पटेल, आईटीआई प्राचार्य यू.पी. अहिरवार आदि उपस्थित थे।

24-1-22




## अवसरों की कमी नहीं, योग्य बनने की जरूरत है

रोजगार मेले में आए युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक श्री ने कहा कि शुरूआत करें और सीखते हुए तरक्की करें। छोटी शुरूआत सीखने का मौका होती है, उसका लाभ उठाएं। अवसरों की कोई कमी नहीं है, जरूरत अवसरों के योग्य बनने की है। श्री काश्यप ने बताया कि रतलाम जिले में 1500 हेक्टेयर में औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण होने वाला है जिसमें युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। औद्योगिक क्षेत्र रतलाम जिले की दिशा एवं दशा बदलने में अहम भूमिका अदा करेगा। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक माह रोजगार मेला आयोजन हो। कलेक्टर ने कहा कि शुरू में भले ही सैलरी कम मिले लेकिन इससे युवाओं को सीखने और स्किल्ड होने का मौका मिलता है जिससे उन्हें आगे बड़े लाभ मिलते हैं। कलेक्टर ने कहा कि अवसरों की कमी नहीं है, युवाओं को चाहिए कि वह उन क्षेत्रों के लायक बनें जहां आवश्यकता है। शासन, प्रशासन की नीतियों और सकारात्मक वातावरण से निश्चित रूप से आने वाले समय में रतलाम जिले में ही स्थानीय युवाओं को नौकरियों के ढेर सारे अवसर मिलने वाले हैं। विधायक कलेक्टर द्वारा आईटीआई की कर्मशाला का भी निरीक्षण किया गया।

## कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समय सीमा पत्रों की बैठक में दिए निर्देश

# रात्रि में बैंड बजते पाए जाने पर बंद करवाने की कारवाई की जाए



**सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम**

समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शहर एसडीएम राजेश शुक्ला को निर्देशित किया कि कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं, उस अनुरूप रात्रि में बैंड बजते पाया जाए तो सख्त कार्रवाई की जाए। बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं अतः उनकी पढ़ाई के दृष्टिगत निर्धारित समय सीमा में ही बैंडवादन होगा। बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गहलोत, एसडीएम ग्रामीण सुश्री कृतिका भीमावद, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया आदि अधिकारी उपस्थित थे।

जिला शिक्षा अधिकारी से परीक्षाओं के दौरान निरीक्षण व्यवस्था की जानकारी ली गई। सभी एसडीएम को परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन के तहत पीएचई की नल जल योजना की समीक्षा में समीपस्थ ग्राम सेमलिया में योजना क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। एसडीएम ने बताया कि ठेकेदार ने काम शुरू कर दिया है। कलेक्टर ने कहा कि बार-बार निर्देशों के बावजूद ठेकेदार द्वारा संतुष्टिपूर्वक कार्य नहीं किया जा रहा है। समय सीमा का पालन भी नहीं हो रहा है, ठेकेदार के विरुद्ध धारा 188 एफआईआर दर्ज करा दी जाए। निगमायुक्त श्री झारिया से शहर में अनाधिकृत कालोनियों के नियमितीकरण प्रक्रिया की जानकारी ली गई। निगमायुक्त ने बताया कि अनाधिकृत कॉलोनाइजर पर एफआईआर कराई जाएगी।


स्वच्छता अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि नियमित रूप से समीक्षा के साथ ही प्रतिदिन प्रातः भ्रमण करके सफाई व्यवस्था का जायजा लेवे। रतलाम शहर में नगर निगम के अलावा भी अन्य विभागों के अधिकारियों को नोडल बनाकर सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जाएगी। आयुष्मान कार्ड निर्माण, किसानों के खातों में राहत राशि अंतरण, कोविड-टीकाकरण, सीएम हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई। 24-2-22

सीएम हेल्पलाइन में नगर निगम को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त को बधाई भी दी गई। यह भी पाया गया कि जनजातीय कार्य विभाग, कृषि विभाग तथा वित्त विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन में खराब कार्य किया गया है। कार्य सुधारने की चेतावनी संबंधित अधिकारियों को कलेक्टर द्वारा दी गई। बैंकों में लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायत के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि संबंधित बैंकों के जनरल मैनेजर को पत्र भेजा जाएगा कि आपकी बैंक शाखा के कारण आमजन के कार्य नहीं हो पा रहे और शासन की छवि प्रभावित हो रही है।

सीएम हेल्पलाइन में खाद्य आपूर्ति विभाग के बेहतर प्रदर्शन की भी कलेक्टर द्वारा सराहना की गई। बताया गया कि मात्र .03 अंक की कमी से इस बार सीएम हेल्पलाइन में रतलाम जिला टॉप फाइव में नहीं आ सका। आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रतलाम शहर में वार्डवार कैंप लगाएं तथा रविवार को मेगा कैंप लगाया जाए। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में स्टॉपडेम मरम्मत के कार्य किए जाने के तहत अब तक 155 स्टॉपडेम मरम्मत आरंभ कर दी गई है। शत-प्रतिशत स्टॉपडेम मरम्मत कार्य आगामी 15 अप्रैल तक पूर्ण कर दिया जाएगा। कलेक्टर ने 22 फरवरी को शासकीय आईटीआई परिसर रतलाम में आयोजित होने वाले रोजगार मेले की तैयारियों की समीक्षा की। बताया गया कि 26 कंपनियां रोजगार मेले में सम्मिलित हो रही है जो विभिन्न पदों पर युवाओं का चयन करके रोजगार का अवसर प्रदान करेंगी।

# गंगासागर क्षेत्र में हथियाई गई 50 करोड़ रुपए भूमि पुनः नगर निगम के नाम होगी

सिंघम रिपोर्टर ▫ रतलाम



जिले अपराधियों, भू-माफियाओं, असामाजिक तत्वों पर गत छह माह से की जा रही कार्रवाई थोड़ा थमने के बाद अब फिर से शुरू हो गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि अवैध निर्माण तोड़ने व माफिया तत्वों की संपत्ति को ध्वस्त करने के लिए चिन्हांकन सतत जारी रखें।

मुहिम में प्रशासन द्वारा नशे का व्यापार करने वाले, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में लिप्त, आम आदमी की जमीन पर कब्जा करने वाले गुंडों, सूदखोरों आदि के अवैध निर्माण को हटाया जा रहा है। गंगासागर क्षेत्र में भू-माफिया द्वारा नगर निगम की लगभग चार हेक्टेयर भूमि अपने नाम करा ली गई है।

शिकायत पर अब जांच के आदेश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं। कार्रवाई के साथ उक्त भूमि पुनः नगर निगम के नाम की जाएगी। यहां निगम की भूमि पर मकान भी बन गए हैं।

इधर, सोमवार को कालिका माता मंदिर ट्रस्ट की आनंद कालोनी मार्ग से लगी जमीन से अतिक्रमण हटाया गया। कालिका माता मंदिर ट्रस्ट की सर्वे नंबर 402 की 0.250 हेक्टेयर भूमि में से अख्तर व अनीस पुत्र रसूल खान द्वारा 2400 वर्गफीट पर मकान व 150 वर्गफीट जमीन पर दुकान बना ली थी। तहसील न्यायालय से 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड करने के बाद बेदखली नोटिस जारी कर 18 फरवरी तक अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। अतिक्रमण नहीं हटाने पर सोमवार को तहसीलदार गोपाल सोनी की मौजूदगी में जेसीबी से निर्माण तोड़कर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई। इस दौरान राजस्व निरीक्षक मेहरबानसिंह, तरुण रघुवंशी, शुभम तिवारी, पटवारी रमेश बैरागी, अर्जुन गौड़, शिखा चतुर्वेदी, मांगीलाल खराड़ी मौजूद रहे। जमीन पर दोबारा अतिक्रमण नहीं हो इसके लिए प्रशासन ने फेंसिंग करवाने के निर्देश दिए हैं।

# कचरे से पटे रिक्त भूखण्ड स्वामियों को आज से जुर्माने का होगा नोटिस जारी



सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

*नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे रिक्त भूखण्ड जो कि कचरे से पटे होकर अस्थाई कचरा स्थल बने हुए है ऐसे भूखण्ड स्वामियों को 10-10 हजार की राशि जुर्माने के तौर पर भरने का नोटिस जारी करने के निर्देश निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दिये।*

24-2-22

निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्य में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे रिक्त भूखण्ड जो कि कचरे से पटे होकर अस्थाई कचरा स्थल बने हुए है ऐसे भूखण्ड स्वामियों को 10-10 हजार की राशि जुर्माने के तौर पर भरने का नोटिस 22 फरवरी से जारी कर जुर्माना राशि नगर निगम के संपत्तिकर, जलकर व स्वास्थ्य विभाग की लायसेंस शाखा में जमा करवाये जाये।

बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार 100 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक (प्लास्टिक स्टीक सहित ईयर बड्, बैलून में उपयोग होने वाले प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक झण्डे, कैंडी स्टिक, आईस्क्रीम स्टीक, सजावट में उपयोग होने वाले थर्मोकोल, प्लास्टिक प्लेट्स, कप, ग्लास, फोर्क, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, टेऊ स्वीट बाक्स, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट को कव्हर करने वाली पैकिंग फिल्म, प्लास्टिक स्टिर्रस व 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक व पीवीसी के बैनर) के उपयोग को पूर्णतः प्रतिबंधित किये जाने हेतु निर्माणकर्ता, विक्रयकर्ता का प्रथम दिवस जुर्माने की कार्यवाही कर निर्माण व विक्रय प्रतिबंध किये जाने हेतु निर्देशित किया जाये इसके बाद निर्माण एवं विक्रय करता पाये जाने पर फेक्ट्री व दुकान सील करने की कार्यवाही की जाये।

खुले में यूरिन व शौच करने वालो पर प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने सभी झोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने झोन में सतत् निगरानी रखी जाकर खुले में यूरिन व शौच करने वालों पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाये।

उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एम.के. जैन, अनवर कुरेशी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, निज सहायक सुभाष गोयल, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, ब्रजेश कुशवाह, मनीश तिवारी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर सहित झोन प्रभारी, नियुक्त पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

# 379 youths get jobs in rozgar mela

**FP NEWS SERVICE**
Ratlam

24-2-22

A total of 379 youths got jobs in various companies in the rozgar mela organised at the Government Industries Training Institute. The selected youths were given letters of offer by the Ratlam city MLA Chetanya Kashyap. District Collector Kumar Purushottam , ITI Principal U P Ahirwar , district administration officials and BJP leaders were also present. According to official information 591 youths had registered for the Rozgar Mela seeking employment. While speaking in the programme held at the ITI premises, City MLA Kashyap said that a new industrial area is to come up in the district covering 1500 hectare area which will provide ample opportunities for gainful employment to the youth. He said that there is no shortage of opportunities for jobs but the need is to commence working even at the smallest level so as to pave way for the future progress.




District Collector Kumar Purushottam said that such melas would now be held. He said that in the beginning salary may be less but youths get opportunities to become skilled with time.

He claimed that local youths will get ample opportunities for employment in the district itself.

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत मुख्यमंत्री चौहान द्वारा जिले के 339 हितग्राहियों के बैंक खातों में सवा तीन करोड़ रुपए राशि अंतरित की गई

## मुख्यमंत्री ने जावरा की हितग्राही फरजाना से बातचीत भी की

प्रसारण न्यूज • रतलाम

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा प्रदेश के हितग्राहियों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक द्वारा राशि अंतरित की गई। भोपाल से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम द्वारा मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वर्चुअल रतलाम जिले के जावरा की हितग्राही सुश्री फरजाना से बातचीत भी की। इस अवसर पर जावरा में विधायक डॉ.राजेंद्र पांडेय, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसडीएम हिमांशु प्रजापति, जिला योजना समिति सदस्य राजेन्द्र सिंह लुनेरा सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, डूडा के परियोजना अधिकारी अरुण पाठक, नागरिक, हितग्राही आदि उपस्थित थे। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा जिले के 487 हितग्राहियों के आवासों का भूमिपूजन तथा 1014 हितग्राहियों का गृह प्रवेश वर्चुअल रूप से कराया।

मुख्यमंत्री चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की हितग्राही सुश्री फरजाना से बातचीत करते हुए पूछा कि आप क्या काम करती हैं तो फरजाना ने बताया कि वह हॉस्पिटल में गार्ड का कार्य करती है। इस पर मुख्यमंत्री ने फरजाना के सम्मान में करतल ध्वनि कराई। मुख्यमंत्री ने यह भी पूछा कि आपका मकान अच्छे से बन गया, कोई दिक्कत तो नहीं आई, किसी ने कुछ पैसा तो नहीं मांगा, पट्टा मिल गया क्या? फरजाना ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए बताया कि उसका मकान अच्छे से बन गया है वह पहले झोपड़पट्टी में रहती थी अब अच्छा मकान मिल गया, उससे किसी ने कोई पैसा नहीं मांगा पट्टा भी मिल गया।



मुख्यमंत्री ने राज्य शासन की अन्य योजनाओं के लाभ मिलने के संबंध में फरजाना से जानकारी प्राप्त की। फरजाना ने बताया कि आपके आशीर्वाद से उसे मकान के साथ-साथ श्रमिक योजना का लाभ भी मिला है, बीपीएल कूपन भी बन गया है। मुख्यमंत्री ने बच्चों के बारे में पूछा फरजाना ने बताया कि उसके दोनों बच्चे रेहान और अयान स्कूल में अध्ययनरत हैं। मुख्यमंत्री द्वारा शुभकामनाएं भी दी गई। सुश्री फरजाना के नवीन आवास पर ही आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर विधायक राजेंद्र पांडे ने सुश्री फरजाना के आवास पर फीता काटकर शुभारंभ करते हुए ग्रह प्रवेश कराया।

विधायक डॉ. पांडे ने सुश्री फरजाना तथा अन्य हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि फरजाना को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए ढाई लाख रुपए की राशि शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई। बुधवार को रतलाम जिले के सभी नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के कार्यक्रम आयोजित हुए जहां मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के उद्बोधन को देखा व सुना गया।

24-2-22

**जिला अस्पताल के बाहर और लोकेंद्र टॉकिज चौराहे पर नालियां जाम होने से बह रहा पानी**

# कब रूकेगा सड़कों पर बहने वाला ड्रेनेज का पानी

**ऐसे-कैसे बनेगा शहर सुंदर**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर को स्वच्छता में नंबर एक बनाने का सपना संजोने वाले नगर निगम के अफसर शहर की नालियों की सफाई नहीं करा पा रहें है। एक तरफ सीवरेज लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है तो अब बाजारी मैं बनी नालियों के उफान पर आने से सड़क पर पानी बहने से लोग परेशान है।

शहर में अभी दो बत्ती क्षेत्र में स्टेडियम मार्केट के पास खोदा गया सीवरेज का गड्ढा अब तक बंद नहीं हुआ है और अब नए स्थानों पर नालियों का पानी सड़क पर आने से व्यापारियों के साथ मार्ग से गुजरने वाले लोग परेशान हो रहे हैं।

## नहीं दे रहे ध्यान

शहर में ड्रेनेज की सफाई ठीक से नहीं होने का एक और नजारा बुधवार को जिला अस्पताल के बाहर जेल रोड पर नजर आया। यहां नाली का पानी पूरी सड़क पर बहता रहा। इसके अतिरिक्त थोड़ी आगे लोकेंद्र टॉकिज चौराहे के समीप भी ड्रेनेज की बिगड़ी व्यवस्था के चलते सड़क पर नाली का पानी बहता नजर आया। सड़क पर गंदा पानी बहने से यहां से गुजर रहे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था लेकिन जिम्मेदार है कि इस ओर समय रहते ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# 83 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को 83 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 37285, ट्रैक्टर-ट्राली से 14520, काम्पेक्टर सूखा कचरा 26470, काम्पेक्टर गीला कचरा 3140, मैजिक गीला कचरा 2460 सहित कुल 83875 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

# रवि कबाड़ी पर 2500 रुपये का जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार शहर में मलबा डालकर अतिक्रमण करने और गंदगी फैलाने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत बुधवार को दिलीप नगर क्षेत्र में रवि कबाड़ी पर 2500 व लोकेंद्र भवन के पास होजेबा पर 500 रुपये का स्पाट फाइन कर भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई। 24-2-22

# वृद्धाश्रम की बाउंड्रीवॉल में लगी आग



रतलाम | विरियाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम की बाउंड्रीवॉल में फैले कचरे में बुधवार दोपहर को आग लग गई। आग लगने के कुछ समय के लिए यहां हड़कंप की स्थिति बन गई थी। सभी वृद्धजन को आश्रम से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर फायर स्टेशन से दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे आग पर काबू पाया। इसके पहले आश्रम संचालक बीएस जोशी, राहुल और गायत्री बाई ने आग बुझाने में सहयोग किया। जानकारी मिलने पर समाजसेवी महेंद्र गादिया भी मौके पर पहुंच गए थे। घटना को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बात की।

# बाजार भाव और गाइडलाइन में अंतर

## कलेक्टर और विधायक ने दरों के पुनः निर्धारण के दिए निर्देश

रतलाम » दबंग रिपोर्टर 24-2-22

कलेक्टर गाइड लाइन 2022-23 के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक हुई। इसमें आवासीय तथा व्यावसायिक भूमियों के मूल्य वृद्धि संबंधी प्रस्ताव सुसंगत नहीं है। जिला पंजीयक को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र अनुसार प्राथमिकता देते हुए मूल्य वृद्धि दरों को पुनः निर्धारित किया जाए। आगामी बैठक में प्रस्तुत करें। बैठक में विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पंजीयक अमरीश नायडू, लोनिवि कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह, महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

बैठक में जिला पंजीयक द्वारा प्रस्तुत की गई गाइड लाइन में प्रस्तावित दरों की गहन समीक्षा की गई। विधायक तथा कलेक्टर ने पाया कि जिला पंजीयक कार्यालय द्वारा प्रस्तावित दरें युक्तियुक्त ढंग से नहीं की गई हैं।

कलेक्टर ने कहा कि मास्टर प्लान के अनुसार दरें निर्धारित की जाए। जो भी दरें प्रस्तावित हो, उनका आधार स्पष्ट होना चाहिए।

विधायक श्री काश्यप ने कहा कि प्रस्तावित गाइड लाइन में विभिन्न क्षेत्रों के बीच मूल्य दरों में बहुत ज्यादा अंतर है, जो युक्तियुक्त ढंग से नहीं है। नगर निगम क्षेत्र और शहर के समीपवर्ती क्षेत्रों के भूमि मूल्यों का पुनः आकलन करते हुए नए सिरे से प्रस्ताव तैयार किए जाएं। अन्य क्षेत्रों में भी वास्तविकता के आधार पर दरें निर्धारित की जाए।

## नई फल-सब्जी मंडी स्थापित करने के लिए विधायक ने कलेक्टर से चर्चा की

रतलाम ● 50 वर्षों के परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए उत्पादन तथा आबादी वृद्धि के दृष्टिगत विधायक चैतन्य काश्यप द्वारा लहसुन, प्याज, फल, सब्जी मंडी समीपवर्ती ग्राम मथुरी रोड पर स्थापित करने के लिए पहल की जा रही है। इस संबंध में श्री काश्यप द्वारा मंगलवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से कलेक्ट्रेट कक्ष में चर्चा की। श्री काश्यप ने कहा कि शहर में आबादी वृद्धि तथा बढ़ते यातायात के दृष्टिगत आवश्यक है कि रतलाम शहर से बाहर लहसुन, प्याज, फल, सब्जी की मंडी बनाई जाए, जिससे वाहनों और कृषकों को आने-जाने की सहूलियत होगी। कार्य सुविधा मिलेगी, अन्य लाभ भी होंगे। 24-2-2

## प्लास्टिक सामग्री निर्माण पर जुर्माना

रतलाम ● नगरीय क्षेत्र में 100 माइक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। अभियान के तहत पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक निर्माणकर्ता वीरेन्द्र पुरोहित, नेहा सोनी, निशी कसेरा, दिलीप मोदियानी, तरुण बैरागी, रिंकी चौरसिया, माधुरी सोनी व क्रिया प्लास्टिक पर 500-500 रुपए का जुर्माना कर पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल निर्माण ना करने की समझाइश दी।

...ध्यान रखने पर

## नगर निगम को विभिन्न करों से 13.58 लाख का प्राप्त हुआ राजस्व

रतलाम ● संपत्ति कर, जल कर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराये गये करों के तहत मंगलवार को कुल 13,58,064 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। नगर निगम के विभिन्न करों के तहत संपत्ति कर शिविर से 128872, कार्यालय 395483, वसूली दल 418269 कुल 942624, जल कर शिविर 40160, कार्यालय 10580, वसूली दल 272960 कुल 323700, दुकान गुमटी-किराया कार्यालय 524 वसूली दल 38076 कुल 38600, लीजरेंट 51140 व स्पॉट फाइन 2000 रुपए इस तरह कुल 13,58,064 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

## दुकान किराये की बकाया राशि जमा नहीं कराने पर दुकान सील

24-2 2022

रतलाम ● नगर निगम स्वामित्व की दुकानों के ऐसे दुकानदार जो कि दुकान किराये की बकाया राशि जमा नहीं करा रहे हैं, ऐसे बड़े बकायादारों की दुकान सील करने की कार्रवाई नगर निगम द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। बकाया राशि जमा नहीं कराने वाले बड़े बकायादारों की दुकान सील करने की कार्रवाई के तहत सायर चबूतरा चौराहे पर नथमल-मोतीलाल पर दुकान किराये की बकाया राशि 1,27,777 रुपए होने व राशि जमा नहीं कराने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा दुकान को सील किया गया।

## अनुपस्थित सफाई मित्र का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम ● स्वदेश समाचार

वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रात: 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया, जिसके तहत प्रात: 11 व दोपहर में 1 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त, निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र, जो कि प्रात: की शिफ्ट में उपस्थित रहते हैं व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पूरे दिवस का वेतन काटा जाएगा। 2022 24-2

प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना अंतर्गत

# 339 हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित

स्वदेश 24-2-22

## मुख्यमंत्री ने एक हितग्राही फरजाना से संवाद भी किया



**रतलाम ● स्वदेश समाचार**
मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा रतलाम जिले के 339 हितग्राहियों के बैंक खातों में सवा तीन करोड़ रुपए की किस्त की राशि सिंगल क्लिक द्वारा अंतरित की गई। इसके साथ ही 487 हितग्राहियों के आवासों का भूमिपूजन तथा 1114 हितग्राहियों का गृह प्रवेश भी करवाया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत बुधवार को मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना के जावरा में आयोजित इस कार्यक्रम में हितग्राही निवासी जावरा फरजाना से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने पूछा कि आप क्या काम करती है तो फरजाना ने बताया कि वह अस्पताल में गार्ड का काम करती है। इस पर मुख्यमंत्री ने फरजाना के सम्मान में करतल ध्वनि करवाई। उन्होंने पूछा कि आपका मकान अच्छे से बन गया, कोई दिक्कत तो नहीं आई। किसी ने कुछ पैसा तो नहीं मांगा, पट्टा मिल गया, तब फरजाना ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि वह पहले झोपड़ी में रहती थी, अब अच्छा मकान मिल गया। उससे किसी ने कोई पैसा नहीं मांगा। उसने यह भी कहा कि उसे मकान के साथ-साथ श्रमिक योजना का लाभ भी मिला है। बीपीएल कूपन भी बन गया है। मुख्यमंत्री ने फरजाना से उसके बच्चों के बारे में भी पूछा, तब उसने बताया कि उसके दो बच्चे हैं, जो अध्ययनरत हैं। मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं दीं। यह कार्यक्रम फरजाना के निवास पर ही आयोजित हुआ। विधायक डा. राजेन्द्र पाण्डेय ने फीता काटकर गृह प्रवेश कराया।

उल्लेखनीय है कि फरजाना को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए ढाई लाख रुपअ की राशि शासन द्वारा उपलब्ध करवाई गई है। इस अवसर पर सभी ने टीवी पर मुख्यमंत्री के उद्बोधन को देखा और सुना। इस अवसर पर कलेक्टर तथा एसडीएम हिमांशु प्रजापति तथा नागरिक एवं हितग्राही उपस्थित थे।



# गाइड लाइन की प्रस्तावित दरें युक्तियुक्त संगत नहीं

24-2- स्वदेश

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**
गाइड लाइन वर्ष 2022-23 के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें जिला पंजीयक द्वारा प्रस्तुत की गई गाइड लाइन में प्रस्तावित दरों की समीक्षा की गई।

समीक्षा में पाया गया कि प्रस्तावित दरें युक्तियुक्त ढंग से नहीं हैं। आवासीय तथा व्यावसायिक भूमियों के मूल्य वृद्धि संबंधी प्रस्ताव सुसंगत नहीं है। जिला पंजीयक को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र अनुसार प्राथमिकता देते हुए मूल्य वृद्धि दरों को पुनः निर्धारित किया जाए और आगामी बैठक में प्रस्तुत करें। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि मास्टर प्लान के अनुसार दरें निर्धारित की जाएं। जो भी दरें प्रस्तावित हो, उनका आधार स्पष्ट होना चाहिए।

विधायक चैतन्य काश्यप ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र और शहर के समीपवर्ती क्षेत्रों के भूमि मूल्यों का पुनः आंकलन करते हुए नए सिरे से प्रस्ताव तैयार किया जाए। अन्य क्षेत्रों में भी वास्तविकता के आधार पर दरें निर्धारित की जाएं।



# मथुरी रोड पर नई फल-सब्जी मंडी होगी स्थापित, विधायक ने कलेक्टर से की चर्चा

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

शहर विधायक चैतन्य काश्यप द्वारा लहसुन, प्याज, फल, सब्जी मंडी समीपवर्ती ग्राम मथुरी रोड पर की स्थापित करने के लिए पहल की जा रही है। इस संबंध में विधायक श्री काश्यप कलेक्टर से चर्चा की गई। मंडी स्थापना के लिए कार्य योजना पर विधायक तथा कलेक्टर द्वारा विचार किया गया। विधायक ने कहा कि शहर में आबादी वृद्धि तथा बढते यातायात के दृष्टिगत आवश्यक है कि रतलाम शहर से बाहर लहसुन, प्याज, फल, सब्जी की मंडी बनाई जाए जिससे वाहनों और कृषकों को आने-जाने की सहूलियत होगी। कार्य सुविधा मिलेगी, अन्य लाभ भी होंगे।

24-2-22